FORM NO III

फर्द अहकाम

(नियम 20)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी/उपखण्ड मजिस्ट्रेट निवाई टोंक

उनवान *तहसीलदार बनाम डालूराम* किस्म मुकदमा : प्रा0पत्र 136

मुकदमा नम्बर 08 /2026

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्श जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20.01.2026	पत्रावली तहसीलदार निवाई की ओर से प्रस्तुत की गई। अवलोकन किया गया। पत्रावली में भू–राजस्व अधिनियम की धारा 136 के तहत प्रार्थी डालूराम की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त कर तहसीलदार निवाई, भू0अ0नि0 दत्तवास व पटवारी हल्का दत्तवास की रिपोर्ट शामिल है। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र में खाता संख्या 24, 534, 621, 699 वाके ग्राम दत्तवास के राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम डालचन्द के बजाय डालूराम सही करने का निवेदन किया गया है। जिसके संबंध में तहसीलदार निवाई की रिपोर्ट इस प्रकार है कि ग्राम दत्तवास के खाता संख्या 24, 534, 621 व 699 में आवेदक का नाम विरासत के नामा0करण से आने के कारण डालचन्द के बजाय डालूराम शुद्व किया जाना उचित है। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। पैरोकार सरकार उपस्थित। बहस सुनी गयी। पैरोकार सरकार ने रिपोर्ट में वर्णित तथ्यों का दोहरान करते हुये प्रार्थना पत्र में वर्णित आराजियात के राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम डालचन्द के बजाय डालूराम शुद्व किये जाने का निवेदन किया। प्रार्थना अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम तहसीलदार निवाई की रिपोर्ट के आधार पर स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार निवाई को आदेशित किया जाता है कि वाके ग्राम दत्तवास के आराजियात खाता संख्या 24, 534, 621, 699 के राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम डालचन्द के बजाय डालूराम दर्ज किया जाकर पालना से अवगत करावें। उपखण्ड अधिकारी निवाई (टोंक)	